Seventeenth Loksabha

>

Title: Request to give compensation to farmers who lost their crops due to hail storm in Patliputra.

श्री राम कृपाल यादव (पाटलिपुत्र): सभापति जी, मैं आपके प्रति आभार व्यक्त करता हूं कि आपने मुझे शून्य काल में बिहार से संबंधित किसानों की समस्या को सदन में उठाने का अवसर दिया है ।

पिछले दिनों बिहार में भारी ओला वृष्टि हुई है, जिसकी वजह से किसानों को काफी नुकसान हुआ है । मेरे संसदीय क्षेत्र पाटलिपुत्र के अलावा कई ऐसे जिले हैं, जहां किसानों ने जो फसलें लगाई थीं, वे ओला वृष्टि की वजह से बर्बाद हो गई हैं, खास तौर पर आलू, सरसों, हरी सब्जियां और दलहन को भारी नुकसान हुआ है ।

महोदय, गरीब किसानों ने कर्ज लेकर फसल लगाने का काम किया था । मैं समझता हूं कि ओला वृष्टि की वजह से किसानों की पूरी फसल की बर्बादी हो गई है, जिसकी वजह से गरीब किसानों के सामने आर्थिक समस्या उत्पन्न हो गई है । कर्ज लेकर वे किसान फसल से आस लगाए हुए थे, अगर फसल अच्छी होती तो लोगों की आमदनी होती । सरकार का पूरा ध्यान है कि हम किसानों की आमदनी को दोगुना करें, उसके लिए बहुत सारे प्रयास भी किए जा रहे हैं, मगर स्थिति यह है कि आपदा से वे इतना अधिक प्रभावित हुए हैं और मैं समझता हूं किसानों की कमर ही टूट गई है ।

मैं आपके माध्यम से सरकार का ध्यान आकृष्ट करना चाहता हूं कि तत्काल मेरे संसदीय क्षेत्र पाटलिपुत्र के साथ ही बिहार के अन्य जिलों में, जहां भारी पैमाने पर ओला वृष्टि हुई है और किसानों को नुकसान हुआ है, वहां एक टीम भेजी जाए, एक जांच दल भेजें, ताकि इसका आकलन करके, जो उचित मुआवजा हो सके, वह किसानों को उपलब्ध कराया जाए । … (व्यवधान)

सर, यह अत्यंत गंभीर मामला है । मैं आपसे आग्रह करता हूं कि इस विषय पर संरक्षण दीजिए और सरकार को यह आदेश दीजिए कि इसमें तुरंत हस्तक्षेप करके बिहार के किसानों को बचाएं । धन्यवाद ।